**मांग संख्या 67**

**मुख्य शीर्ष 2059**

**मद कमांक 1**

खेल प्रशिक्षण केन्द्र, बिलासपुर में स्थापित एच.व्ही.ए.सी. एवं विद्युतीकरण कार्य की अनुमानित लागत राशि ₹ 166.94 लाख है। जिस पर इस वर्ष राशि ₹ 50.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹ 50,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता होगी ।

**मद क्रमांक 2**

अतिविशिष्ट अतिथियों का भ्रमण हेतु 1000.00 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹10,00,00,000 अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

**मुख्य शीर्ष 4059**

**मद क्रमांक 3**

माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के माननीय न्यायाधीशों के लिए विश्राम गृह निर्माण हेतु ₹ 500.00 लाख, पेंड्रारोड के व्यवहार न्यायालय के विस्तार हेतु एवं न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवासगृह निर्माण के लिए भूमि आवंटन हेतु ₹ 53.09 लाख तथा जिला सूरजपुर में नवीन जिला न्यायालय भवन निर्माण हेतु राजस्व वन भूमि रकबा 1.82 हेक्टेयर का वन व्यपवर्तन किये जाने हेतु ₹ 49.42 लाख का व्यय संभावित है।

अतः उक्त प्रयोजनों हेतु ₹ 6,02,51,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

**मद क्रमांक 4**

**अ.** लोक निर्माण विभाग-भवन योजनांतर्गत निम्नलिखित भवन निर्माण कार्यो को अनुपूरक अनुदान में शामिल किया गया है। इस वर्ष व्यय विभागीय बचत से किया जायेगाः-

1. रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाऊस परिसर में पुराने भवन के स्थान पर पार्किंग तथा अतिरिक्त कक्ष का निर्माण एवं अन्य विकास कार्य (एनेक्सी भवन) (अनुमानित लागत ₹700.00 लाख)
2. ट्रांजिट हॉस्टल बैरनबाजार रायपुर में रिनोवेशन एवं लघुमूल कार्य (अनुमानित लागत ₹200.00 लाख)
3. सरिया में विश्रामगृह भवन का निर्माण (अनुमानित लागत ₹400.00 लाख)
4. ग्राम बगिया में विश्राम गृह का निर्माण कार्य (अनुमानित लागत ₹700.00 लाख)
5. जनपद मुख्यालय-ओड़गी में विश्राम गृह का निर्माण कार्य (अनुमानित लागत ₹50.00 लाख)

अतः इन प्रयोजनों हेतु कुल राशि ₹ 500 प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

**ब.** लोक निर्माण विभाग के विश्राम भवन, विश्रामगृह, ट्रांजिट हॉस्टल एवं कार्यालय भवनों में ऑनग्रिड सोलर प्लांट की प्रदाय, स्थापना एवं अनुरक्षण कार्य (अनुमानित लागत ₹4400.00 लाख) हेतु इस वर्ष ₹500.00 लाख व्यय संभावित है।

अतः इन प्रयोजनों हेतु कुल राशि ₹ 5,00,00,500 अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

**मद क्रमांक 5 से 6**

केंद्र प्रवर्तित योजना के अंतर्गत जशपुर में नवीन परिवार न्यायालय भवन निर्माण तथा जिला न्यायालय भवन जांजगीर-चांपा में निर्माण कार्य हेतु आकस्मिकता निधि से ₹ 200 का प्रतीक अग्रिम स्वीकृत किया गया है।

अतः आकस्मिकता निधि से लिये गये अग्रिम की प्रतिपूर्ति हेतु ₹ 200 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

**मद क्रमांक 7**

भूतपूर्व सैनिक कल्याण एकीकृत परिसर सह मेडिकेयर परिसर रायगढ़ के निर्माण हेतु ₹127.36 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹ 1,27,36,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

**मुख्य शीर्ष 4202**

**मद क्रमांक 8**

शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक रायपुर के मुख्य भवन एवं छात्रावास भवन में अग्नि सुरक्षा कार्य हेतु ₹ 75.00 लाख का व्यय संभावित है।

शासकीय पॉलीटेक्निक खैरागढ़ के संस्था परिसर में निर्मित 50 सीटर नवीन कन्या छात्रावास भवन में 03 अतिरिक्त क्लासरूम निर्माण हेतु ₹ 28.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः उक्त प्रयोजनों हेतु ₹ 1,03,00,000 अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

**मद कमांक 9**

1. शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग एवं सीवरेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना हेतु राशि ₹ 159.00 लाख का व्यय संभावित है।
2. नवा रायपुर में खेल काम्पलेक्स निर्माण किये जाने हेतु कुल अनुमानित लागत ₹6200.00 लाख है। जिस पर इस वर्ष राशि ₹ 200.00 लाख का व्यय संभावित है।
3. वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल जिला रायगढ़ के विभिन्न खेलों से संबंधित कार्य को परिवर्तित करते हुये 'इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स काम्पलेक्स' निर्माण किये जाने हेतु कुल अनुमानित लागत ₹ 10550.00 लाख है। जिस पर इस वर्ष ₹ 300.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹ 6,59,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता होगी।

**मद कमांक 10**

राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई जिला बिलासपुर परिसर स्थित बालक छात्रावास के प्रथम तल निर्माण एवं भू-तल में अतिरिक्त टायलेट निर्माण किये जाने हेतु कुल अनुमानित लागत राशि ₹ 327.55 लाख है। जिस पर इस वर्ष राशि ₹ 150.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹ 1,50,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता होगी।

**मद कमांक 11**

टेनिस अकादमी रायपुर के प्रशासनिक भवन, छात्रावास, जिम, डाइनिंग हाल एवं स्टेडियम को पूर्ण रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्तर युक्त सुसज्जित करने हेतु ₹ 500.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹ 5,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता होगी।